# श्रमसाधना

दैनिक सांध्यकालीन

श्रम की शक्ति, राष्ट्र की प्रगति

www.shramsadhnanews.com

RNI रजि. क्र. 50069/89

वर्ष : 38, अंक : 15 ग्वालियर, शनिवार 15 अगस्त 2026
विक्रम संवत् 2083 पृष्ठ 12, मूल्य 1 रुपया

डाक पंजीयन
L-2-13/समा.पत्र/पं. 40020181/22-23


### विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने किया ध्वजारोहण, संयुक्त परेड ने जगाया देशभक्ति का जज्बा

## तिरंगे के रंग में रंगा ग्वालियर, उत्साह के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**ग्वालियर**

ग्वालियर जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एसएएफ मैदान पर आयोजित मुख्य समारोह में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का सीधा प्रसारण भी हुआ। बड़ी एलईडी स्क्रीन पर नागरिकों, स्कूली बच्चों और सुरक्षा बलों के जवानों ने मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना और राज्य स्तरीय कार्यक्रम देखा।

समारोह की शुरुआत सुबह 9 बजे राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के गायन से हुई। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने खुले वाहन में कलेक्टर रुचिका चौहान और पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के साथ संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। परेड में शामिल जवानों ने हर्ष फायर कर स्वतंत्रता दिवस अमर रहे और राष्ट्रपति के जयकारे लगाए। इसके बाद मुख्यमंत्री के संदेश का प्रसारण हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ने बधाई संदेश और ग्वालियर जिले की उपलब्धियों पर आधारित संदेश का वाचन किया।



**स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों का सम्मान :** विधानसभा अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए खुले आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल शहीदों के परिजनों और लोकतंत्र सेनानियों को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। 'हर घर तिरंगा' अभियान के चलते शहर में स्वतंत्रता दिवस की अलग ही छटा दिखाई दी और बड़ी संख्या में नागरिक मुख्य समारोह में पहुंचे।

**उत्कृष्ट मार्चपास्ट के लिए टुकड़ियां सम्मानित :** संयुक्त परेड में सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर, एसएएफ द्वितीय वाहिनी, एसएएफ 13वीं व 14वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल, जिला महिला बल, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड, शौर्य दल और नगर रक्षा समिति सहित विभिन्न टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। परेड कमांडर की भूमिका उप पुलिस अधीक्षक अनुश्री वार्ष्णेय और टूआईसी की भूमिका सूबेदार सोनम पाराशर ने निभाई।

सीनियर वर्ग में सीमा सुरक्षा बल टेकनपुर को प्रथम, एसएएफ द्वितीय वाहिनी को द्वितीय तथा जिला पुलिस बल और एसएएफ 13वीं वाहिनी को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। जूनियर वर्ग में एनसीसी सीनियर महिला प्रथम, एनसीसी जूनियर महिला द्वितीय और एनसीसी सीनियर पुरुष टुकड़ी तृतीय रही। बीएसएफ और एसएएफ द्वितीय वाहिनी के बैंडों को भी सम्मानित किया गया।

## संभाग आयुक्त मनोज खत्री ने राजस्व भवन में किया ध्वजारोहण

**ग्वालियर जीएनएस**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्वालियर संभाग आयुक्त मनोज खत्री ने राजस्व भवन परिसर में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया।

इस अवसर पर अधिकारियों-कर्मचारियों ने भारत माता की जय और स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारे लगाए। संभाग आयुक्त मनोज खत्री ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने किया ध्वजारोहण

**ग्वालियर जीएनएस**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय ग्वालियर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सजावल जग्गा, डीएसपी मुख्यालय रोविन जैन, रक्षित निरीक्षक रणजीत सिंह सिकरवार सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही राष्ट्रसेवा और आमजन की सुरक्षा के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण एवं कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रहित और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया।

### कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर लगाया जातिगत भेदभाव और संकीर्ण मानसिकता का आरोप

## खड़गे के संबोधन के बाद मंच के शुद्धिकरण पर कांग्रेस का सत्याग्रह

**दतिया जीएनएस**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हल्द्वानी में संबोधन के बाद मंच को गंगाजल से शुद्ध किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को गांधी पार्क में सत्याग्रह किया और पैदल मार्च निकाला। कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

दतिया विधायक घनश्याम सिंह ने कहा कि खड़गे ने जिस मंच से जनता को संबोधित किया, उसी मंच का भाजपा से जुड़े लोगों द्वारा शुद्धिकरण किया जाना जातिगत भेदभाव और संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चिंताजनक हैं।




जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संबोधन के बाद भाजपा समर्थित संगठन के नेताओं द्वारा कार्यक्रम स्थल को गंगाजल से शुद्ध किए जाने से लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। उन्होंने इसे भाजपा की कुंठित मानसिकता और सामाजिक भेदभाव का उदाहरण बताया।

सत्याग्रह एवं पैदल मार्च में प्रदेश महासचिव अवधेश नायक, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेंद्र गुर्जर, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सरनाम सिंह राजपूत, संतोष लिटोरिया, रचना शेर सिंह, पार्षद मुकेश यादव, सलीम कामरेड, नवल यादव, जीतू प्रजापति, केशव सिंह पटेल, वासुदेव कमरिया, जसवंत बघेल, रामकुमार मोंगिया, सुरेश झा, लक्ष्मीनारायण कुशवाहा, डॉ. राकेश खरे, अभिषेक तिवारी, स्वदेश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




GWALIOR GLORY HIGH SCHOOL



Shivpuri Link Road, Gwalior Phone : 0751-2640101, 2510939

Visit Us : www.gwaliorgloryhighschool.ac.in

---

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

नगर परिषद पिछोर जिला शिवपुरी (म.प्र.)

आलोक त्रिपाठी — मुख्य नगर पालिका अधिकारी

श्रीमती कविता पाठक — अध्यक्ष

---

स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

पानी के बिना जीवन संभव नहीं है। पानी न केवल मनुष्यों के लिए बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। पर्याप्त पानी के बिना, मनुष्यों के साथ-साथ जानवरों का अस्तित्व भी असंभव है। ताजी हवा के बाद, पानी किसी भी जीवित प्राणी के अस्तित्व के लिए दूसरा सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है।

हम अपने घर में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करके सीधी गाड़ी में डालते हैं।

करैरा बदल रहा है...

राजीव सिकरवार — उपाध्यक्ष नगर परिषद करैरा

गोपाल गुप्ता — मुख्य नगर परिषद अधिकारी नगर परिषद करैरा

श्रीमती शारदा-रामस्वरूप रावत — अध्यक्ष

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026

नगर परिषद करैरा, जिला शिवपुरी म.प्र.

---

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों एवं छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को हार्दिक शुभकामनाएं

रामेश्वर प्रसाद दीक्षित

प्राचार्य शा. एजुकेशन फॉर ऑल शा. उ. मा. विद्यालय क्रमांक 02, दतिया म.प्र.

---

नगर परिषद कैलारस, जिला मुरैना

स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता ही समृद्धि का आधार है।

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

जन-जन बढ़ाएगा सफाई में हाथ, तभी मिलेगा स्वच्छता का साथ।

पार्षदगण

कल्लू कुशवाह, श्रीमती अजीत राजव मुख्य, वीरेन्द्र सोलंकी, श्रीमती अलीता राजू गुप्ता, दरोगा खान, श्रीमती सीमा कल्लू ठाकुर, श्रीमती रीमा कुलदीप मसीरिया, श्रीमती विनिता विवेक पलेला, धारा सिंह सोलंकी, मोहित शुक्ला, शम्सा कुरैशी, विवेश हरदैविया, श्रीमती लक्ष्मी पूरन शिवहरे

श्रीमती अंजना ब्रजेश बंसल — अध्यक्ष

श्रीमती सीमा अशोक राणावत — उपाध्यक्ष

रामप्रकाश जगनोरिया — सीएमओ

---

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अपील:- मलेरिया और डेंगू से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें, पानी ढक कर रखें। फूल काइ. पड़ने, घरों में कूलर और पानी की टंकी की नियमित सफाई करें।

जिला स्वास्थ्य विभाग शिवपुरी

डॉ. संजय ऋषिश्वर — सीएमएचओ

---

स्वतंत्रता दिवस की समस्त ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमती किशनादेवी अहिरवार | सचिव जगदीश परिहार | रोजगार सहायक दिनेश कुमार शर्मा

अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं, गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत भिटौरा, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

---

स्वतंत्रता दिवस की समस्त ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच बृजेन्द्र दुबे | सचिव अनिल यादव | रोजगार सहायक श्रीमती पूजा यादव

अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं, गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत चिरूला, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

---

स्वतंत्रता दिवस की समस्त ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती अर्चना प्रजापति — सरपंच

दशरथ महाजन — सचिव

रामनरेश यादव — रोजगार सहायक

अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं, गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत अगोरा, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

---

स्वतंत्रता दिवस की समस्त ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच श्रीमती शांति कुशवाह | सचिव दीपक शर्मा | रोजगार सहायक जयदीप सेन

अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं, गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत नौनेर, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

---

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेश, दतिया जिला वासियों एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पीजी कॉलेज, दतिया के छात्र-छात्राओं, कॉलेज स्टॉफ हार्दिक शुभकामनाएं

स्वप्निल वानखेड़े — कलेक्टर, दतिया

विपिन गोस्वावमी — अध्यक्ष जन भागीदारी समिति, पीजी कॉलेज दतिया

डॉ. जयश्री त्रिवेदी — प्राचार्य शा. पीजी कॉलेज दतिया

डॉ. प्रो. शिवसिंह, वित्त नियंत्रक, शासकीय पीजी कॉलेज, दतिया म.प्र.

निवेदक-प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दतिया

---

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों, दतिया जिलावासियों एवं दतिया विधानसभा क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

मांडवी कुमारी — पूर्व महासचिव म.प्र. महिला कांग्रेस

घनश्याम सिंह — विधायक दतिया

---

स्वतंत्रता दिवस की समस्त ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सरपंच ममता यादव | सचिव राजेश | रोजगार सहायक धर्मवीर मिश्रा

अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं, गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

निवेदक- ग्राम पंचायत भागौर, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 : खनियाधाना शिविर में हुआ "उद्यम संवाद"

## औद्योगिक विकास और समस्याओं को लेकर उद्यमियों से की चर्चा 4 करोड़ 50 लाख का भावी निवेश प्रस्तावित, उद्यम क्रांति योजना में 6 लाख 68 हजार के ऋण स्वीकृत



शिवपुरी, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के तहत अम्बेडकर भवन, नगर परिषद खनियाधाना में भव्य ÷उद्यम संवाद कार्यक्रम÷ का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में संभागायुक्त श्री मनोज खत्री भी शामिल हुए।कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने स्थापित उद्यमियों, व्यापारियों तथा नया उद्योग लगाने के इच्छुक युवाओं से सीधा संवाद किया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने क्षेत्र में पूर्व से संचालित इकाइयों के स्थापित उद्यमियों से चर्चा कर उनके व्यावसायिक अनुभवों, उत्पादन की स्थिति और भविष्य की संभावनाओं को जाना। इसके साथ ही उन्होंने नया व्यवसाय शुरू करने के इच्छुक युवाओं का भी मार्गदर्शन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थापित व नए सभी उद्योगों को बिजली तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि नया उद्योग लगाने वाले युवाओं को कागजी प्रक्रियाओं से लेकर धरातल पर यूनिट स्थापित करने तक पूरा प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। स्थानीय उद्योगों में 4.50 करोड़ के नए निवेश का प्रस्ताव क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने और एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से कई उद्यमियों ने अपनी नई एवं विस्तार योजनाओं के तहत निवेश के प्रस्ताव रखे। संवाद के दौरान नितेन्द्र चौबे द्वारा एम-सैंड प्लांट हेतु 2 करोड़ रुपये, ब्रजेन्द्र चौबे द्वारा कृषि उपकरण निर्माण हेतु 1 करोड़ रुपये, मे. कान्हा ट्रेडर्स प्रो. दिनेश साहू द्वारा ऑइल मिल व मूंगफली दाना निर्माण हेतु 50 लाख रुपये, मे. अरिहंत ऑइलसीड प्रोसेसिंग प्रो. संस्कार जैन द्वारा ऑइल मिल हेतु 50 लाख रुपये तथा मे. पंकज एग्रो इंडस्ट्रीज प्रो. पुष्पेंद्र झा द्वारा स्टील फेब्रिकेशन एवं एग्रो इंडस्ट्रीज हेतु 50 लाख रुपये का निवेश प्रस्ताव रखा गया। इस प्रकार उद्यमियों द्वारा कुल 4 करोड़ 50 लाख रुपये के नए एवं भावी निवेश के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिससे क्षेत्र में रोजगार के कई नए अवसर सृजित होंगे।

*स्थापित उद्यमियों की सहभागिता*

कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व से स्थापित एवं संचालित उद्यमों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया, जिनमें मुख्य रूप से मे. एमके ट्रेडर्स के प्रो. आशीष जैन 40 लाख रुपये, मे. संजय ट्रेडर्स के प्रो. संजय जैन 40 लाख 65 हजार रुपये, वैष्णवी टेंट हाउस के प्रो. दिनेश कुमार झा 5 लाख 2 हजार रुपये, मे. जेएस एजेंसी के प्रो. जितेन्द्र साहू 7 लाख रुपये, मे. गुरुकृपा ट्रेडर्स के प्रो. कमलेश कुमार साहू 4 लाख 56 हजार रुपये, मे. गिरराज स्टील्स के प्रो. गुरुदयाल झा 50 लाख रुपये, दीपक साहू 7 लाख 83 हजार रुपये, मे. दिव्यांश ट्रेडर्स के प्रो. अशोक साहू 2 लाख 3 हजार रुपये एवं मे. आरके किराना स्टोर के प्रो. राकेश कुमार लोधी 2 लाख 4 हजार रुपये के निवेश के साथ शामिल रहे।

*स्वरोजगार हेतु उद्यम क्रांति योजना के तहत प्रमाण पत्र एवं ऋण वितरण*

कार्यक्रम में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और नए छोटे व्यवसाय शुरू कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत कुल 6 लाख 68 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके तहत धर्मेंद्र केवट को कियोस्क संचालन हेतु 73 हजार रुपये, अरुण कुमार झा को वेल्डिंग शॉप हेतु 3 लाख 20 हजार रुपये, राहुल देव जोशी को कियोस्क संचालन हेतु 75 हजार रुपये तथा ब्रजेश कुमार साहू को किराना व्यापार हेतु 2 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत कर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

वरिष्ठ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विजय राज, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र शिवपुरी के महाप्रबंधक श्री अजय तिवारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी व नागरिक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान; कलेक्टर श्री वर्मा ने खनियाधाना में किया ऑयल मिल का किया निरीक्षण

## एमएसएमई प्रोत्साहन योजना से उद्योग को मिलेगी रफ्तार



शिवपुरी, मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित उद्यम संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने खनियाधाना स्थित एक नई अक्षत फूड ऑयल मिल यूनिट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों के प्रसार और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उद्योग विभाग के महाप्रबंधक श्री अजय तिवारी भी उपस्थित रहे। आधुनिक मशीनों से लैस है यूनिट यह ऑयल मिल राजेश जैन द्वारा संचालित की जा रही है। इस नई इकाई में उच्च गुणवत्ता और आधुनिक तकनीक वाली मशीनें लगाई गई हैं। मिल में मुख्य रूप से मूंगफली और सरसों का शुद्ध तेल तैयार किया जाएगा, और मिल से ही पैकेजिंग ओर ब्रांडिंग के बाद सीधा बाजार में बेचा जाएगा। जिससे स्थानीय किसानों की उपज को भी सही दाम और बाजार मिल सकेगा।

*एमएसएमई प्रोत्साहन योजना का मिलेगा लाभ*

निरीक्षण के दौरान बताया कि यह नया उद्योग क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस स्थापित इकाई के अंतर्गत शासन की एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) प्रोत्साहन योजना का लाभ लिया जाएगा, जिससे इकाई को वित्तीय व तकनीकी संबल प्राप्त होगा।

*कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश*

निरीक्षण के समय कलेक्टर श्री वर्मा ने इकाई के संचालन, गुणवत्ता मानकों और सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। उन्होंने उद्यमियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर इस तरह के आधुनिक उद्योगों की स्थापना से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उद्योग से जुड़े आवश्यक शासकीय सहयोग एवं प्रक्रियात्मक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर हाईकोर्ट खण्डपीठ-ग्वालियर में गूंजे देशभक्ति के सुर

## बीएसएफ टेकनपुर के बैंड प्लाटून ने दी देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक प्रस्तुति



ग्वालियर, देश के 80वे स्वतंत्रता दिवस के गौरवशाली अवसर पर राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं देश के प्रति कर्तव्य भावना को सुदृढ करने के उद्देश्य से स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को उच्च न्यायालय खण्डपीठ-ग्वालियर परिसर में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीमा सुरक्षा बल, टेकनपुर के 20 सदस्यीय बैंड प्लाटून द्वारा बाद्य यंत्रों के माध्यम से देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक संगीतमय प्रस्तुति दी गई। उच्च न्यायालय खण्डपीठ-ग्वालियर के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री जी. एस. आहलूवालिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारीगण में स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक गौरव को प्रसारित करने के साथ-साथ राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिये स्वतंत्रता सेनानियों और देश के वीर जवानों के बलिदानों से भी अवगत कराना था, जिससे एक अनुशासन, एकता और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का माहौल बन सके। बी.एस.एफ. बैंड प्लाटून, टेकनपुर द्वारा राष्ट्रीय गीत, माँ तुझे सलाम, ए मेरे वतन के लोगों, कदम-कदम बढ़ाये जा, हे प्रीत जहां की रीत सदा, मेरा कर्मा तू, सत्य मेव जयते आदि धुनों पर दी गई उत्साहवर्द्धक व रोमांचक प्रस्तुति ने उपस्थित जन में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और अधिक प्रबल किया तथा मंत्रमुग्ध कर जोश व उल्लास से परिपूर्ण कर दिया। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति श्री जी. एस. आहलूवालिया सहित न्यायमूर्ति श्री मिलिंद रमेश फडके, न्यायमूर्ति श्री आशीष श्रोती, न्यायमूर्ति श्री अमित सेठ, न्यायमूर्ति श्री पुष्पेन्द्र यादव, न्यायमूर्ति श्री आनंद सिंह बहरावत, न्यायमूर्ति श्री राजेश कुमार गुप्ता तथा न्यायमूर्तिगण के परिवार के सदस्य, ग्वालियर के प्रधान जिला न्यायाधीश श्री ललित किशोर व प्रधान जिला न्यायाधीश (सतकर्ता) श्री जाकिर हुसैन, खण्डपीठ-ग्वालियर के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री राजीव के. पाल, जिला न्यायालय के न्यायाधीशगण, उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री पवन पाठक व सचिव श्री महेश गोयल, अतिरिक्त महाधिवक्तागण व डिप्टी सॉलीसीटर जनरल श्री प्रवीण नेवास्कर, सीनियर एडवोकेट्स सहित अन्य अधिवक्तागण, उच्च न्यायालय में पदस्थ न्यायिक व पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण सम्मिलित हुये। कार्यक्रम के अंत में बी.एस.एफ. बैंड प्लाटून, टेकनपुर की शानदार व अनुशासित प्रस्तुति को प्रोत्साहित करने हेतु उपस्थित समस्त न्यायमूर्तिगण द्वारा बैंड प्लाटून को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन खण्डपीठ-ग्वालियर के डिप्टी रजिस्ट्रार श्री अनिल देशमुख द्वारा तथा स्वागत भाषण एवं आभार प्रदर्शन ओएसडी / रजिस्ट्रार श्री ऋतुराज सिंह चौहान द्वारा किया गया।



























स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित

श्रमसाधना
www.shramsadhnanews.com

शनिवार, 15 अगस्त 2025



निष्पक्षता-विश्वसनीयता एवं जनहित का संवाहक

श्रमसाधना

## संपादकीय

# परिसीमन के इर्द-गिर्द ही घूम रही है भाजपा की राजनीति

मानसून सत्र के दौरान भाजपा की सबसे बड़ी राजनीतिक प्राथमिकता परिसीमन विधेयक को आगे बढ़ाने की रही। सत्र शुरू होने से पहले सियासी गलियारों में चर्चा थी कि टीएमसी और शिवसेना (यूबीटी) में विभाजन के बाद सत्तारूढ़ एनडीए संसद में दो-तिहाई बहुमत के करीब पहुंच गया है। बंगाल में मिली चुनावी सफलता से उत्साहित भाजपा को उम्मीद थी कि वह महिला आरक्षण विधेयक से जुड़े परिसीमन कानून को पारित करा सकेगी।

विपक्षी दलों को आशंका थी कि भाजपा इस विधेयक को जल्दबाजी में पारित कराना चाहती है, ताकि निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्गठन के जरिए 2029 के लोकसभा चुनाव में उसे राजनीतिक लाभ मिल सके। यही वजह है कि परिसीमन को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच राजनीतिक खींचतान तेज बनी हुई है।

टीएमसी और शिवसेना में विभाजन के बाद एनडीए को लोकसभा में अतिरिक्त समर्थन मिला। इसके बाद भाजपा ने डीएमके और एनसीपी (एसपी) जैसे दलों से बातचीत शुरू की। डीएमके के लोकसभा में 22 सांसद हैं, जबकि एनसीपी (एसपी) के आठ सांसद हैं। हालांकि छात्रों के विरोध-प्रदर्शनों ने राजनीतिक माहौल बदल दिया और इन दलों ने विधेयक के समर्थन को लेकर अपने कदम रोक दिए।

शिक्षा व्यवस्था में सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर युवाओं का आंदोलन तेजी से राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन गया है। दिल्ली के बाद झारखंड और बिहार में भी छात्रों की सक्रियता बढ़ी। प्रयागराज में राहुल गांधी के छात्र संवाद कार्यक्रम को मिली प्रतिक्रिया ने भी विपक्ष को नया मुद्दा दिया।

इस आंदोलन का असर उत्तर प्रदेश जैसे बड़े चुनावी राज्य में दिखाई दे सकता है, जहां युवा मतदाताओं की संख्या राजनीतिक दलों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भाजपा के लिए यह चिंता का विषय है, क्योंकि युवाओं से जुड़े मुद्दे अब केवल सामाजिक नहीं बल्कि चुनावी मुद्दे भी बनते जा रहे हैं। कांग्रेस ने इस पूरे मामले में गृह मंत्री पर निशाना साधते हुए सदन में जवाब की मांग की। पार्टी ने आरोप लगाया कि छात्रों के प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग को लेकर सरकार को जवाब देना चाहिए। दूसरी ओर भाजपा ने परिसीमन विधेयक के लिए समर्थन जुटाने की कोशिशें तेज कर दीं।

प्रधानमंत्री ने एनसीपी (एसपी) के सांसदों से मुलाकात की और विपक्षी दलों को साथ लाने के प्रयास किए गए। सरकार ने एफसीआरए विधेयक पर भी लचीला रुख अपनाने का संकेत दिया और इसे विस्तृत चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजने पर सहमति जताई। संभावना है कि परिसीमन से जुड़े नए प्रस्ताव में सभी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने का प्रावधान हो सकता है। चर्चा है कि लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर करीब 850 तक करने का प्रस्ताव सामने आ सकता है। इससे महिला आरक्षण को लागू करने का रास्ता भी आसान हो सकता है। हालांकि भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती इस विधेयक को सर्वसम्मति या पर्याप्त समर्थन के साथ पारित कराना होगी।

प्रान्तीय कार्यालय : 76 शबरी कॉम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-2 भोपाल, फोन : 0755-2579530
प्रान्तीय ब्यूरो प्रमुख : एल.एन. तवर, 9827781209
प्रान्तीय ब्यूरो : डॉ. जानकी अहिरवार 9406580345
Email:shramsadhnagwl@gmail.com

### 80वां स्वतंत्रता दिवस

# इतिहास से भविष्य की ओर बढ़ता भारत, 2047 के युवा भारत की नई उड़ान

वैश्विक स्तरपर 15 अगस्त 2026 भारत के इतिहास में केवल एक और स्वतंत्रता दिवस नहीं होगा। यह वह अवसर है,जब देश अपनी आजादी के 80वें स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाएगा और साथ ही 150 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर चुके राष्ट्गीत वंदे मातरम् को भी विशेष राष्ट्रीय सम्मान के साथ स्मरण करेगाहालांकि 1947 से 2026तक स्वतंत्रता की अवधि 79 वर्ष पूर्ण हुई है,इसलिए संवैधानिक/ऐतिहासिक गणना में 15 अगस्त 2026 को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह कहना अधिक उपयुक्त है। इस वर्ष का उत्सव एक ऐसे भारत की तस्वीर प्रस्तुत करता दिखाई दे रहा है,जहां अतीत की स्वतंत्रता- स्मृतियां और भविष्य की युवा आकांक्षाएं एक ही मंच पर मिल रही हैं। वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के लिए 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक राष्ट्व्यापी वर्षभर का कार्यक्रम पहले ही शुरू किया जा चुका है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र बताना चाहूंगा क़ि वंदे मातरम् की इस ऐतिहासिक गूंज के साथ एक महत्वपूर्ण संवैधानिक और कानूनी अध्याय भी जुड़ चुका है। प्रेवेंशन ऑफ़ इंसल्ट्स टू नेशनल हॉनर (अमेन्डमेंट ) बिल,2026 को संसद में राज्यसभा ने 29 जुलाई 2026 और लोकसभा ने 30 जुलाई 2026 को पारित कियाथा। इस विधेयक पर राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू ने 11 अगस्त 2026 को अपने हस्ताक्षर किए,जिसके बाद यह कानून बन गया है, अब यह राष्ट्रीय गीत को राष्ट्रीय गान के समान वैधानिक संरक्षण देने वाला कानून बनाया गया। इसके तहत राष्ट्रीय गीत के गायन को जान बूझकर रोकने या उसमें व्यवधान डालने पर वही दंडात्मक प्रावधान लागू किए गए हैं जो राष्ट्रीय गान के संदर्भ में हैं।इसलिए 15 अगस्त 2026 का लाल किला केवल अतीत को याद करने का मंच नहीं,बल्कि 2047 के विकसित भारत की दिशा निर्धारित करने वाला राष्ट्रीय संवाद बन सकता है।देश के सामने एक तरफ तिरंगे की शान, हर घर तिरंगा, तिरंगा बाइक रैलियां,सांस्कृतिक कार्यक्रम और राष्टगीत की गूंज होगी, तो दूसरी तरफ बेरोजगारी प्रतियोगी

परीक्षाओं की पारदर्शिता पेपर लीक शिक्षा कौशल रोजगार स्टार्टअप डिजिटल अर्थव्यवस्था कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानसिक दबाव और युवाओं की राजनीतिक भागीदारी जैसे सवाल भी होंगे। यही कारण है कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस को युवा शक्ति के उत्सव के रूप में देखना महज भावनात्मक विचार नहीं, बल्कि सटीकता से समय की आवश्यकता प्रतीत होता है।



साथियों बात अगर हम लाल किले से 'वंदे मातरम्' की गूंज और 150 वर्षों कीऐतिहासिक यात्रा को समझने की करें तो 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं,बल्कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है। इसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1875 में रचा था और बाद में यह स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रीय जागरण का स्वर बना। भारत सरकार ने 2025-26 को इसकी 150वीं वर्षगांठ का वर्ष घोषित करते हुए वर्षभर के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की शुरुआत की है।15 अगस्त 2026 के समारोह में इसका विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि राष्टगीत की 150 वर्ष की यात्रा को स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय मंच से जोड़ना अतीत और वर्तमान के बीच एक प्रतीकात्मक सेतु तैयार करता है। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार इस अवसर पर लाल किले से 'वंदे मातरम्' की प्रस्तुति को विशेष महत्व दिया जाएगा।यहां लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण कसौटी भी सामने आती है राष्टप्रेम केवल कानून से पैदा नहीं होता; वह नागरिक चेतना, स्वैच्छिक सम्मान और संविधान के प्रति प्रतिबद्धता से मजबूत होता है। इसलिए 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ का वास्तविक अर्थ तभी पूर्ण होगा जब यह गीत भारतीयों को केवल अतीत के बलिदानों की याद न दिलाए, बल्कि वर्तमान में राष्ट निर्माण की जिम्मेदारी का भी एहसास कराए।

साथियों बात अगर हम 80 वां स्वतंत्रता दिवस- तिरंगे के साथ युवा भारत की नई उड़ान इसको समझने की करें तो, इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का सबसे महत्वपूर्ण संदेश संभवतः युवा भारत के नाम हो सकता है। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसका विशाल युवा वर्ग है। आज का युवा केवल नौकरी मांगने वाला नागरिक नहीं है; वह स्टार्टअप बना रहा है, डिजिटल अर्थव्यवस्था खड़ी कर रहा है, अंतरिक्ष और विज्ञान में आगे बढ़ रहा है, खेलों में विश्व मंच पर भारत का नाम रोशन कर रहा है और लोकतांत्रिक विमर्श में अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। सरकारी माय भारत कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस 2026 के लिए युवाओं की भागीदारी पर आधारित क्विज और अन्य गतिविधियां आयोजित की गईं तथा चयनित प्रतिभागियों को लाल किले के समारोह में आमंत्रित किए जाने की व्यवस्था की गई। यह स्वयं इस बात का संकेत है कि इस वर्ष समारोह में युवा सहभागिता को विशेष स्थान दिया जा रहा है।इसका व्यापक अर्थ यह है कि स्वतंत्रता दिवस का मंच अब केवल स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की स्मृति तक सीमित नहीं रह सकता। आजादी की अगली परीक्षा यह है कि भारत का युवा अपने सपनों को अवसर में और अवसर को उपलब्धि में बदल पाता है या नहीं। युवा पूछ रहा है,शिक्षा कितनी गुणवत्तापूर्ण होगी? रोजगार कितने मिलेंगे? प्रतियोगी परीक्षाएं कितनी पारदर्शी होंगी? पेपर लीक कब रुकेगा? एआई और ऑटोमेशन के युग में भविष्य की नौकरियां कैसी होंगी? ग्रामीण और छोटे शहरों के युवाओं को समान अवसर कैसे मिलेगा? और राजनीति में युवाओं की भागीदारी केवल चुनावी नारों तक सीमित रहेगी या निर्णय- निर्माण में भी उनकी वास्तविक भूमिका बढ़ेगी ?यही वे असल सवाल हैं जो 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से निकलने वाले किसी भी युवा-केंद्रित संदेश को सटिका से ऐतिहासिक बना सकते हैं।

साथियों बात कर हम संसद का मानसून सत्र- आजादी के 80 वर्ष बाद लोकतांत्रिक संवाद पर सवाल को समझने की करें तो 15 अगस्त के उत्सव से ठीक पहले 13 अगस्त 2026 को संसद का मानसून सत्र समाप्त हुआ। लेकिन इस सत्र ने लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने एक गंभीर प्रश्न भी छोड़ा है, क्या संसद वह मंच बन पा रही है जहां देश के सबसे महत्वपूर्ण सवालों पर पर्याप्त और सार्थक बहस हो? सत्र के समापन पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार लोकसभा की उत्पादकता लगभग 19 प्रतिशत, जबकि राज्यसभा की लगभग 39 प्रतिशत रही। 12 विधेयक पारित हुए, लेकिन केवल एक विधेयक पर दोनों सदनों में चर्चा हुई।यहां 39 प्रतिशत का आंकड़ा विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करता है, लेकिन यह स्पष्ट करना जरूरी है कि यह पूरी संसद की संयुक्त उत्पादकता नहीं बल्कि राज्यसभा की उत्पादकता का आंकड़ा है। लोकसभा का आंकड़ा इससे भी कम रहा। यही अंतर बताता है कि संसदीय कामकाज का संकट कितना गंभीर है।पेपर लीक और परीक्षाओं की पारदर्शिता जैसे युवा- केंद्रित मुद्दों को लेकर विपक्ष के विरोध और सरकार - विपक्ष के बीच टकराव ने सत्र के बड़े हिस्से कोप्रभावित किया। दूसरी ओर सरकार ने विपक्ष पर बार-बार सदन बाधित करने का आरोप लगाया।यह राजनीतिक आरोप- प्रत्यारोप अपनी जगह हैं, लेकिन नागरिक के लिए मूल प्रश्न इससे बड़ा है जिस संसद से युवा अपने भविष्य के लिए कानून और नीतियां चाहता है, क्या वहां उसके सवालों पर पर्याप्त चर्चा हो रही है?यही स्वतंत्रता दिवस 2026 का विरोधाभास भी है। एक तरफ देश लोकतंत्र की 80वीं वर्षगांठ की यात्रा का उत्सव मना रहा होगा, दूसरी तरफ संसद के कामकाज पर सवाल खड़े होंगे। इसलिए इस वर्ष तिरंगे के नीचे सबसे जरूरी संदेश शायद यही होगा कि लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं; परंतु लोकतंत्र बहस,

असहमति जवाबदेही और संसदीय कामकाज की संस्कृति का भी सटीकता से नाम है। साथियों बात कर हम युवा आंदोलनों ने बदला राजनीतिक विमर्श को समझने की करें तो,पिछले कुछ सप्ताहों में छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर आंदोलन और विरोध भारतीय राजनीतिक विमर्श के केंद्र में रहे हैं। पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता,

रोजगार और शिक्षा जैसे विषय अब केवल परीक्षा-कक्ष की समस्याएं नहीं रह गए हैं; वे राजनीतिक जवाबदेही के प्रश्न बन चुके हैं।युवा पीढ़ी का संदेश साफ है,डिग्री चाहिए, लेकिन उसके साथ अवसर भी चाहिए; परीक्षा चाहिए, लेकिन उसके साथ निष्पक्षता भी चाहिए;विकास चाहिए, लेकिन उसके साथ रोजगार भी चाहिए।यहां 2026 का युवा आंदोलन भारतीय राजनीति को एक नई दिशा देने की क्षमता रखता है। यदि युवा केवल चुनाव के समय मतदाता न रहकर नीति- निर्माण का सक्रिय भागीदार बनता है, तो भारतीय लोकतंत्र का अगला चरण अधिक सहभागी लोकतंत्र का हो सकता है।इसीलिए प्रधानमंत्री के 15 अगस्त के संबोधन में यदि रोजगार, स्किलिंग, एआई,स्टार्टअप, खेल, शिक्षा सुधार, परीक्षा प्रणाली, युवा उद्यमिता और मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर कोई बड़ा रोडमैप सामने आता है, तो वह इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस को केवल समारोह नहींबल्कि नीति- संदेश का राष्ट्रीय मंच बना सकता है। हालांकि भाषण में क्या घोषणाएं होंगी, यह पहले से निश्चित मानना उचित नहीं होगा।

साथियों बात अगर हम अमेरिका में भारत दिवस भारतीय प्रवासी की बढ़ती वैश्विक पहचान, को समझने की करें तो 15 अगस्त 2026 की विशेषता केवल भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है।अमेरिका के कई राज्यों द्वारा 15 अगस्त को इंडिया डे अथवा भारत के स्वतंत्रता दिवस के रूप में मान्यता दिए जाने की घोषणाएं भारत की वैश्विक सामाजिक और सांस्कृतिक उपस्थिति का उल्लेखनीय संकेत हैं।न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और मैसाचुसेट्स के बाद डेलावेयर द्वारा भी 15 अगस्त 2026 को इंडिया डे के रूप में मान्यता दिए जाने की खबर सामने आई है। इन घोषणाओं में भारतीय- अमेरिकी समुदाय की संस्कृति परंपराओं और अमेरिकी समाज में उसके योगदान को रेखांकित किया गया है। मैसाचुसेट्स में गवर्नर माउरा हीली द्वारा 15 अगस्त को इंडिया डे घोषित किए जाने की खबर पहले आई थी, जबकि न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में भी इस अवसर को आधिकारिक मान्यता देने की घोषणाएं की गईं। यह केवल प्रतीकात्मक कूटनीति नहीं है।अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी अब राजनीति, विज्ञान, चिकित्सा, तकनीक, शिक्षा, व्यवसाय और सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। भारतीय प्रवासी समुदाय की यह बढ़ती उपस्थिति भारत-अमेरिका संबंधों में पीपल-टू- पीपल डिप्लोमेसी को भी मजबूत करती है।अर्थात 15 अगस्त 2026 को तिरंगा केवल दिल्ली के लाल किले पर नहीं फहराएगा; वह न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, मैसाचुसेट्स, डेलावेयर और दुनिया के अनेक हिस्सों में भारतीय मूल के लोगों की पहचान,स्मृति औरउपलब्धियों के साथ भी दिखाई देगा।जब किसी दूसरे देश के राज्य भारत के राष्ट्रीय दिवस को आधिकारिक रूप से मान्यता देते हैं, तो इसका एक सांस्कृतिक अर्थ होता है और एक रणनीतिक अर्थ भी।सांस्कृतिक अर्थ है कि भारतीय सभ्यता, भाषाओं परंपराओं और त्योहारों ने अमेरिकी समाज में अपनी जगह बनाई है।इसलिए 15 अगस्त 2026 का भारत दिवस अमेरिका में भारतीय मूल के युवाओं के लिए भी विशेष संदेश रखता है,अपनी जड़ों से जुड़े रहकर वैश्विक नागरिक बनना।आज का भारतीय युवा एक साथ दो पहचान लेकर चल सकता है,भारतीय सभ्यता का उत्तराधिकारी और वैश्विक अर्थव्यवस्था का सक्रिय भागीदार।

# अदालतों में अब स्वास्थ्य का भी पहरा, जजों से लेकर कर्मचारियों तक बनेगा मेडिकल सुरक्षा कवच




**मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की पहल, कोर्ट परिसरों में लगेंगे स्वास्थ्य शिविर और विशेषज्ञ डॉक्टरों की ओपीडी**

**जबलपुर, जीएनएस।**

न्याय देने वाली अदालतों में अब न्यायिक व्यवस्था से जुड़े लोगों के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की पहल के तहत प्रदेश के हाईकोर्ट से लेकर जिला और तहसील स्तर की अदालतों में स्वास्थ्य शिविर तथा डॉक्टरों की ओपीडी की व्यवस्था की जाएगी।

इस पहल के दायरे में न्यायाधीशों के साथ अधिवक्ता, न्यायालयीन कर्मचारी और कोर्ट परिसर में तैनात सुरक्षाकर्मी भी शामिल होंगे। शुरुआत में संबंधित लोगों की मेडिकल हिस्ट्री तैयार की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार हृदय, न्यूरो, हड्डी एवं अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श की व्यवस्था की जाएगी।

न्यायिक कार्य की व्यस्तता और लगातार बढ़ते कार्यदबाव के बीच यह पहल अदालतों में कार्यरत लोगों के लिए समय पर स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय सलाह उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

अदालत परिसर में ही स्वास्थ्य सुविधा मिलने से जांच और उपचार के लिए अलग से समय निकालने की परेशानी भी कम होने की उम्मीद है।

# यमुना नदी का जल स्तर बढ़ने से यमुना नदी के समीप बसे ग्रामों में के बीच भय उत्पन्न



**जालौन, जीएनएस।**

यमुना नदी का जलस्तर बीते दिनो से लगभग तीन मी बढ़ चुका है। केंद्रीय जल आयोग ने बाढ़ के संबंध में अवगत कराया कि राजस्थान चंबल काली सिंध नदी से पानी आने के बजह से जल स्तर बढ़ रहा है यमुना नदी जल स्तर 98.38 मीटर दर्ज किया गया उन्होंने बताया की जल स्तर 40 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यमुना नदी का जल बराबर बढ़ रहा है उक्त यमुना नदी की बाढ़ से यमुना तट पर बसे ग्रामों में हलचल मच गया बाढ़ के संबंध में उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने तट पर बसे ग्रामों से आवाहन किया की यमुना नदी जलस्तर बढ़ने से सभी लोग सतर्क रहें साथ में उन्होंने कहा कि यमुना नदी के किनारे अपने बच्चों को कतई न जाने दे साथ में अपने-अपने जानवरों की निगरानी बराबर करें जिससे यमुना की बढ़ रहे।

## एसडीएम ने मौरम खनन की जनसुनवाई में प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों की मौजूदगी में दिए दिशा निर्देश

**जालौन।** गुरुवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड झांसी के तत्वाधान में बेतवा नदी तट में स्थित बालू/मौरंग खनन के लिए उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। तहसील सभागार में आयोजित उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित जनसुनवाई परियोजना प्रस्तावक परिहार कन्ट्रक्शन बलवन्त सिंह के द्वारा बेतवा नदी तट स्थित बालू/मौरंग खनन परियोजना तहसील कालपी के पथरेहटा गाटा संख्या 747 क्षेत्रफल 16.195 क्षमता 1,61,940 घनमीटर 6 माह के खनन का मामला प्रस्तुत किया गया मौके पर एसडीएम विनय कुमार मौर्य एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस पर वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना की महत्वपूर्ण अपील

# उत्तर प्रदेश की गरीब महिलाओं को हर महीने 2,500 की आर्थिक सहायता दी जाएं

**उत्तरप्रदेश,संजय सागर सिंह।**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समाज में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण अपील की गयी हैं। वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना ने प्रदेश की योगी सरकार से अपील करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की गरीब, मजदूर, दलित और वंचित महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए उन्हें 2500 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जानी चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर देश और प्रदेश की सभी बहनों और बेटियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी शक्ति किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है। महिलाओं का सम्मान, शिक्षा और सशक्तिकरण ही एक सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है और महिलाओं के उत्थान के लिए सकारात्मक कार्य भी किए जा रहे हैं। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए योगी सरकार अच्छा काम कर रही हैं। लेकिन कई जगह देखा गया हैं कि जमीनी स्तर पर व्यवस्था में मौजूद कुछ देश विरोधी, संबिधान विरोधी, योगी-मोदी जी विरोधी एवं हिन्दू समाज को बांटने बाले ऐसे तत्व भी हैं जो मोदी-योगी सरकार की योजनाओं को सही तरीके से गरीब, मजदूर, दलित और वंचित महिलाओं तक पहुंचने ही नहीं देते और तरह तरह की अड़चन पैदा करते हैं। इस के चलते ग़रीब महिलाओं को योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई कई जगह जानकारी के अभाव और व्यवस्था की खामियों के कारण प्रदेश की बड़ी संख्या में गरीब, मजदूर, दलित वर्ग की महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही हैं। यह स्थिति महिला सशक्तिकरण की मूल भावना के विपरीत है।

# तिरंगा यात्रा से गूंजा पोरसा, स्वच्छता और नगर पालिका नियमों के पालन का लिया संकल्प



**पोरसा, जीएनएस।**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका पोरसा द्वारा गुरुवार को शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर निकले नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक और भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ शहरवासियों को राष्ट्रप्रेम, एकता, स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारियों का संदेश दिया। यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साह के साथ सहभागिता की।

तिरंगा यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष कुशमा देवी रामवीर सिंह तोमर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अवधेश सिंह सेंगर सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इनके अलावा जनपद अध्यक्ष देवेश सिंह तोमर, नगर पालिका उपाध्यक्ष अरविंद सिंह तोमर, पूर्व पार्षद अशोक सिंह तोमर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह, वरिष्ठ पार्षद हरिशंकर गुप्ता, विश्वनाथ सिंह, पवन गुप्ता, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, स्वच्छता निरीक्षक संतोष सिंह तोमर, बबलू बघेल, बालकृष्ण वर्मा, समाजसेवी संदीप परमार, विष्णु सिंह, पार्षद सोनू तोमर, संतोष सिंह, पवन शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और शहर के वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर तिरंगा यात्रा के दौरान शहर में देशभक्ति का माहौल दिखाई दिया। हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे लोगों ने राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया।

## देश की आन बान और शान - तिरंगा



घर घर तिरंगा,हर घर तिरंगा का नारा सम्पूर्ण देश में गली गली में गूंज रहा है,इसी क्रम में म प्र जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार ग्वालियर संभाग समन्वयक श्री सुशील बरुआ, जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र दीक्षित ब्लॉक समन्वयक श्रीमती प्रीति बाजपेई के मार्गदर्शन में वार्ड एवं पंचायत स्तर तक नवांकुर संस्थाओं, नगर ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में नवांकुर संस्था सर्वे भवन्तु सुखिन समिति द्वारा नगर विकास प्रस्फुटन समिति हुजरात पुल एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति गुढ़ा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें वंदे मातरम, भारत माता की जय घोष करते हुए गुढ़ा क्षेत्र में भ्रमण कर देशभक्ति का भाव जागृत किया।

## मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार मुकेश सिंह को हटाया गया

डिप्टी सीएम और लोक स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के निर्देश देने के बाद कार्रवाई की गई

नर्सिंग परीक्षाओं में गड़बड़ी और रिजल्ट में देरी के चलते लिया एक्शन

काउंसिल के दफ्तर के बाहर छात्र पिछले पांच दिनों से अलग-अलग मांगों को लेकर कर रहे हैं प्रदर्शननर्सिंग छात्रों के संगठन हस्ह्ल के सदस्य 8 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर हैं

छात्रों की मांग है -सभी जीएनएम स्टूडेंट्स के परिणाम घोषित किए जाए और आगामी एग्जाम कराए जाएं.

क्र्ष् नर्सिंग छात्रों के रिजल्ट घोषित हो,परीक्षाएं करवायी जाएं

अ न ु स ू ि च त जाति,अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वर्ग व पैरामेडिकल छात्रों को स्कॉलरशिप दी जाए. श्वङ्खुस और सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था की जाए.

नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थानों को जबलपुर स्थित मेडिकल यूनिवर्सिटी से जोड़ा जाए. फैकल्टी मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाए. छात्रों को कहना है कि परीक्षा में गड़बड़ी और रिजल्ट में देरी से स्टूडेंट्स को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

## नवांकुर सखी योजना के तहत कलश यात्रा निकाली गई तथा वृक्ष दान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया

**पोरसा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की तत्वाधान में ग्राम सांठो में नवाकुर सखी योजना के तहत भव्य कलश यात्रा निकल गई एवं वृक्ष दान हरियाली महोत्सव का भी आयोजन किया गया,,, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की तत्वाधान में सतीश सिंह तोमर जिला समन्वयक के निर्देशन में तथा राधा चरण पुरोहित ब्लॉक समन्वय की उपस्थिति में पूनम समाज सेवा समिति पोरसा ने हरियाली महोत्सव का आयोजन ग्राम सांठो में शिव मंदिर प्रस्फुटन वाटिका पर किया गया इस आयोजन में नवांकुर सखी योजना के तहत बृक्ष दान किया गया ,,,पूर्व में दिए गए नव अंकुर पौधों की देख भाल करने वाली नव अंकुर सखियों को पुरस्कृत की भी किया गया।

# लोको रनिंग स्टाफ की लंबित मांगों को लेकर वाराणसी लॉबी पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन

**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** अखिल भारतीय लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति के आह्वान पर 13 अगस्त गुरुवार को वाराणसी लॉबी के सामने लोको रनिंग स्टाफ की लंबित मांगों एवं स्थानीय समस्याओं को लेकर दो घंटे का शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन सुबह ग्यारह बजे से दोपहर एक बजे तक चला 7 इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए रेलवे प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की 7 प्रदर्शन के माध्यम से संगठन ने लोको रनिंग स्टाफ के कैडर रिस्ट्रक्चरिंग की मांग तत्काल पूरी करने,आउटस्टेशन के लिए जारी अपर्याप्त टाइप-सेकेण्ड विश्राम व्यवस्था को वापस लेकर रनिंग स्टाफ के लिए न्यूनतम आठ घंटे का विश्राम सुनिश्चित करने की मांग की 7 इसके साथ ही केएमए में इनकम टैक्स छूट को बढ़ी हुई



दरों के अनुसार वर्ष 2011,2014, 2017 एवं 2024 से लागू करने तथा विभिन्न मामलों में 30 प्रतिशत पे एलिमेंट की कटौती बंद करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई 7

स्थानीय समस्याओं को लेकर भी जताया विरोध

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर क्रू प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं को भी उठाया 7 संगठन ने चिकित्सकीय रूप से विकोटीकृत कर्मचारियों के बाद क्रू कंट्रोलर के ड्राफ्टेड पद पर स्थायी नियुक्ति बंद करने की मांग की 7 साथ ही क्रू पोजीशन के कथित भ्रामक आंकड़ों के कारण लीव रिजर्व के अनुरूप अवकाश नहीं दिए जाने तथा कर्मचारियों को अनुपस्थित दिखाकर आरोप पत्र एवं दंड देने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की 7 संगठन ने आउटस्टेशन में क्रू प्रबंधन की कथित अव्यवस्थाओं के कारण रनिंग स्टाफ को 72 घंटे से अधिक समय तक मुख्यालय एवं परिवार से दूर रखने की व्यवस्था समाप्त करने तथा नियम विरुद्ध आरोप पत्र और दंड देकर कर्मचारियों को परेशान नहीं करने की मांग भी उठाई। प्रदर्शन के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं और रेलवे प्रशासन को कर्मचारियों की समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका शीघ्र समाधान करना चाहिए।













## छात्राओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार के मामले में ABVP ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ABVP , जिला मुरैना द्वारा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मुरैना में छात्राओं के साथ प्रयोगशाला सहायक द्वारा कथित अभद्र व्यवहार के मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी, मुरैना को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से ABVP ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। परिषद के अनुसार विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रयोगशाला सहायक के व्यवहार को लेकर शिकायतें सामने आई हैं, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच किया जाना आवश्यक है।

ABVP जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की कि छात्राओं द्वारा लगाए गए आरोपों की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जांच में आरोप सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही विद्यालय स्तर पर शिकायत प्राप्त होने के बाद अब तक की गई कार्रवाई एवं पूरे मामले में अपनाई गई प्रक्रिया की भी जांच की जाए।


ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि विद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से लागू की जाएं। इसके साथ ही जांच प्रक्रिया के दौरान किसी भी छात्रा पर किसी भी प्रकार का दबाव न बनाया जाए, ताकि छात्राएं बिना भय के अपनी बात रख सकें और निष्पक्ष जांच संभव हो सके। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट किया कि छात्राओं की सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़े किसी भी विषय को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। परिषद का कहना है कि यदि किसी छात्रा को विद्यालय परिसर में असहज या असुरक्षित महसूस होता है, तो उसकी शिकायत पर संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ कार्रवाई होना आवश्यक है। ABVP ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की कि पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच, उचित कार्रवाई एवं छात्राओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए। परिषद ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के लिए वह सदैव आवाज उठाती रहेगी।













15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएँ
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
कु. स्वाति डोमर
निज निवास वार्ड नंबर 24, जवाहर कॉलोनी पुरानी शिवपुरी का मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) की परीक्षा के माध्यम से
असिस्टेंट प्रोफेसर
(अर्थशास्त्र / Economics)
पद पर चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएँ।
M.P. PUBLIC SERVICE COMMISSION INDORE
यह गौरवपूर्ण उपलब्धि स्वाति की कड़ी मेहनत, लगन, अनुशासन और परिवार से मिले उत्कृष्ट संस्कारों का परिणाम है। हमें विश्वास है कि वे आगे भी शिक्षा जगत में अपनी प्रतिभा और सेवा से समाज, परिवार एवं प्रदेश का नाम रोशन करती रहेंगी।
प्रकृति से प्रार्थना है कि
श्री कुंजलाल अहिरवार ASI (Police) (दादा जी)
श्रीमती लीला जाटव (शिक्षिका) (माता)
श्री सुखदेव जाटव (शिक्षक) (पिता)
की सुपुत्री स्वाति सदा स्वस्थ, सुखी, समृद्ध और सफल रहें तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नई-नई ऊँचाइयों को प्राप्त करें।
यह भी गर्व का विषय है कि स्वाति के माता-पिता दोनों शिक्षक हैं तथा उनके दोनों भाई वर्ग-1 (अंग्रेजी विषय) के पद पर कार्यरत हैं।
पूरा परिवार शिक्षा, संस्कार और उत्कृष्ट उपलब्धियों का प्रेरणादायी उदाहरण है।
कु. स्वाति डोमर एवं उनके समस्त परिवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलमय शुभकामनाएँ।


समस्त नागरिकों को
15 अगस्त
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
आइए, हम सब मिलकर एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें।
स्वतंत्रता का सम्मान करें, राष्ट्र के विकास में योगदान दें!
श्रम विभाग, शिवपुरी
जिला श्रम अधिकारी
योगेश सिंघल
श्रम निरीक्षक
वृंदावन सिंह
जय हिंद! जय भारत!


TNCP
TOWN & COUNTRY PLANNING
15 अगस्त
80 वाँ स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ!
यह पावन अवसर हमें उन अमर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं राष्ट्रनिर्माताओं के अद्वितीय त्याग, बलिदान और समर्पण का स्मरण कराता है, जिनके संघर्ष से हमें आज़ाद भारत का गौरव मिला।
आइए, हम सभी संविधान के आदर्शों, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करें तथा विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें।
जय हिन्द! जय भारत!
सावन कोचले
उप संचालक
सावन कोचले
उप संचालक
टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (TNCP), गुना


सभी देशवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
इस महान पर्व की अनेक-अनेक
देशवासियों का एक ही मंत्र है-
भारत बनाने के लिए ना हम रुकेंगे,
विकसित भारत बना कर रहेंगे।
- नरेन्द्र मोदी
CBC 22201/13/0021/2627

देश का भविष्य कीचड़ से निकलते हुए

# कुमरूआ-टपरियन मार्ग की बदहाली से ग्रामीण परेशान, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित



शिवपुरी/कोलारस। ग्राम पंचायत कुमरूआ एवं ग्राम टपरियन के ग्रामीण लंबे समय से सड़क की समस्या से परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुमरूआ से अमरपुर तथा फोरलेन से टपरियन गांव तक पहुंचने वाले मार्ग की स्थिति खराब होने के कारण आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। करीब दो किलोमीटर के रास्ते को पार करने में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क की खराब स्थिति के कारण बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। बारिश एवं खराब रास्ते के चलते बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में करीब 100 परिवार निवास करते हैं और सड़क की सुविधा नहीं होने से उन्हें रोजमर्रा के कार्यों के लिए भी परेशानी उठानी पड़ती है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर सरपंच, सचिव एवं जनपद पंचायत स्तर के अधिकारियों को कई बार आवेदन दिए जा चुके हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित स्तर पर उन्हें यह कहकर वापस कर दिया जाता है कि शासन स्तर से फिलहाल सड़क संबंधी कार्य बंद हैं। वहीं ग्राम कुमरूआ के ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच पप्पू परिहार से समस्या को लेकर संपर्क करने पर यह कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता है कि संबंधित रास्ता ग्राम पंचायत का नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि फोरलेन से टपरियन गांव तक सड़क स्वीकृत होकर निर्माण हो जाता है, तो गांव सीधे मुख्य मार्ग से जुड़ जाएगा और ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को भी आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक एवं श्रीमंत महाराज साहब से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को निर्देशित कर फोरलेन से टपरियन गांव तक सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाई जाए तथा जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।

# 12 सितम्बर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

भिण्ड, जीएनएस। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार दिनांक 12 सितम्बर, 2026 को जिला मुख्यालय भिण्ड एवं न्यायिक तहसील मेहगांव, गोहद, एवं लहार न्यायालय में दिनांक 12 सितम्बर, 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

नेशनल लोक अदालत में शमनीय आपराधिक प्रकरण, परक्राम्य लिखित अधिनियम की धारा 138 के तहत चैक के अनादरण के प्रकरण, मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा संबंधी प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, दीवानी मामलें, विद्युत एवं जलकर/संपत्तिकर तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों, प्रीलिटिगेशन प्रकरणों (मुकदमा पूर्व) एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इसी क्रम में आज श्री मनोज कुमार तिवारी (सीनि.) विशेष न्यायाधीश/समन्वयक अधिकारी नेशनल लोक अदालत भिण्ड की अध्यक्षता में ए0डी0आर0 भवन जिला न्यायालय परिसर भिण्ड में अधिवक्ता संघ भिण्ड के साथ में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में सुश्री अनुभूति गुप्ता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड, श्री विनीत मिश्रा, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ भिण्ड के साथ ही अधिवक्ता संघ के अन्य पदाधिकारीगण, लीगल एड डिफेंस कांउसिल के अधिवक्तागण, पैनल अधिवक्तागण, मीडिएटर अधिवक्तागण एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## ध्वज देश की पहचान है इसकी आन बान शान सभी को कायम रखनी चाहिए: बीके रेखा बहन

पोरसा, जीएनएस। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, गांधीनगर पोरसा में राष्ट्रध्वज के राष्ट्रीय गौरव एवं आध्यात्मिक महत्व को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ध्वज के महत्व, उसकी मर्यादा तथा देश की आन-बान-शान के रूप में उसके गौरवपूर्ण स्थान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके रेखा बहन ने कहा कि ध्वज किसी भी राष्ट्र की पहचान, स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक होता है। हमारा तिरंगा केवल तीन रंगों से बना एक ध्वज नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता, त्याग, शांति, साहस और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। तिरंगा पूरे विश्व में भारत की विशिष्ट पहचान और गौरव को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रध्वज की मर्यादा और सम्मान को बनाए रखे। ध्वज का सम्मान करना अपने देश, उसकी स्वतंत्रता और उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान प्रकट करना है, जिन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रध्वज के साथ-साथ ध्वज के आध्यात्मिक पक्ष पर भी प्रकाश डाला गया। बीके रेखा बहन ने बताया कि भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं में ध्वज का विशेष महत्व रहा है। प्राचीन काल से ही ध्वज को विजय, धर्म, सत्य, शक्ति और सकारात्मक संकल्प के प्रतीक के रूप में देखा जाता रहा है। धार्मिक ग्रंथों और पुराणों में भी विभिन्न प्रकार के ध्वजों एवं उनके प्रतीकात्मक महत्व का उल्लेख मिलता है।

उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक दृष्टि से ध्वज हमें अपने जीवन में ऊंचे आदर्शों, पवित्र विचारों और श्रेष्ठ कर्मों को अपनाने की प्रेरणा देता है। जिस प्रकार राष्ट्रध्वज देश के गौरव को ऊंचा रखता है, उसी प्रकार मनुष्य को भी अपने चरित्र, संस्कार और कर्मों से परिवार, समाज और राष्ट्र का गौरव बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बताया गया कि तिरंगे के तीनों रंग और अशोक चक्र भारत की विविधता में एकता की भावना को अभिव्यक्त करते हैं। तिरंगा हमें यह संदेश देता है कि भाषा, क्षेत्र, जाति और विभिन्नताओं से ऊपर उठकर हम सभी पहले भारतीय हैं।

वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल ध्वजारोहण और राष्ट्रीय पर्व मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों को याद करने का भी दिन है।

# जनजातीय वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों हेतु यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की नि:शुल्क कोचिंग योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

भिण्ड, जीएनएस। जनजातीय वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों हेतु यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग योजना भोपाल मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार की तैयारी के लिए प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों के माध्यम से कोचिंग प्रदान करने की योजना वर्ष 2026-27 में संचालित की जा रही है।

योजना के अंतर्गत निर्धारित 100 विद्यार्थियों के चयन हेतु एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यार्थियों का चयन मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित स्क्रीनिंग परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। स्क्रीनिंग परीक्षा भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं शहडोल में आयोजित की जाएगी।

आवेदन 04 अगस्त 2026 से प्रारंभ हो गए है, आवेदन की अंतिम तिथि 17 अगस्त 2026 निर्धारित है, स्क्रीनिंग परीक्षा 23 अगस्त 2026 को आयोजित होगी। परीक्षा का समय दोपहर 2ः00 बजे से 4ः00 बजे तक रहेगा। 20 अगस्त 2026 के पश्चात प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे।पात्र विद्यार्थी प्रवेश पत्र एवं परीक्षा से संबंधित जानकारी एमपी ऑनलाइन तथा एमपीसॉस की वेबसाइट से प्राप्त कर सकेंगे।

योजना की नियमावली एवं पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी जनजातीय कार्य विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों से अपील है कि वे निर्धारित समय-सीमा में आवेदन कर इस योजना का लाभ उठाएं तथा यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी हेतु जनजातीय कार्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन के दूरभाष 0755-2552106 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### प्लेसमेंट ड्राईव में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के 190 प्रशिक्षणार्थियों का प्राथमिक चयन

भिण्ड। शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिण्ड में 12 अगस्त को आयोजित हुई प्लेसमेंट ड्राईव में सुजुकी मोटर्स गुजरात के लिए 95 प्रशिक्षणार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया है। ड्राइव में कुल 130 प्रशिक्षणार्थियों ने पंजीयन कराया था। इसी प्रकार 13 अगस्त को आयोजित प्लेसमेंट ड्राईव में यामाहा मोटर नोएडा के लिए 65 तथा न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर नोएडा में 30 प्रशिक्षणार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया है। इस प्लेसमेंट ड्राईव में कुल 140 प्रशिक्षणार्थियों ने पंजीयन कराया था।

# औषधि निरीक्षक डॉ आकांक्षा ने किया तहसील मेहगाँव स्थित मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण

भिण्ड, जीएनएस। कोडीन घटक युक्त कॉफ सीरप का असामाजिक तत्वों एवं युवा पीढ़ी द्वारा नशे के रूप में दुरुपयोग की संभावना को ध्यान में रखते हुए नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, भोपाल, कलेक्टर भिण्ड एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भिण्ड के निर्देशानुसार औषधि निरीक्षक डॉ आकांक्षा गरुड़ द्वारा आज तहसील मेहगांव क्षेत्र में स्थित मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया गया। तहसील मेहगांव में मुकेश मेडिकल स्टोर, महाकाल मेडिकल स्टोर, राठौर मेडिकल स्टोर, प्रेम मेडिकल स्टोर, जादौन मेडिकल स्टोर, रवि मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण की भनक लगते ही चौधरी मेडिकल स्टोर, अनिल मेडिकल स्टोर, पवन मेडिकल स्टोर एवं बजरंग मेडिकल स्टोर के संचालक अपने मेडिकल स्टोर बंद कर भाग गए जिन पर नियमानुसार आगे की कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। निरीक्षण के दौरान औषधियों की गुणवत्ता की जांच करने के लिए 4 औषधियों के सैंपल लिए जाकर भोपाल स्थित औषधि प्रयोगशाला में जांच एवं परीक्षण हेतु भेजे जाने की कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। साथ ही निरीक्षण के दौरान उचित स्थान पर लाइसेंस का प्रदर्शन, दुकानों पर फार्मासिस्ट की उपलब्धता, दुकानों की साफ सफाई, एक्सपायरी दवाओं के लिए उचित व्यवस्था, स्टॉक रजिस्टर एवं पशुओं के लिए उपयोगी दवाओं को अलग से रखने की व्यवस्था।

# टेक होम राशन की मात्रा और गुणवत्ता की होगी निगरानी

भिण्ड, जीएनएस। जिला परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग श्री महेंद्र सिंह अम्ब ने कहा है कि टेक होम राशन की मात्रा और गुणवत्ता में कोई समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने बताया कि शासन निर्देशानुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा राशन प्रदान करने वाले स्वसहायता समूह के समक्ष चार राशन पैकेट का वजन लेना और एक राशन पैकेट अतिरिक्त प्राप्त कर उसकी गुणवत्ता जांच करना अनिवार्य किया गया हैय मात्रा अथवा गुणवत्ता में कमी पाई जाने पर टेक होम राशन स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक परियोजना से राशन का एक-एक सैंपल पंचनामा सहित जिला कार्यालय को भेजा जाना है, जिससे टेक होम राशन की गुणवत्ता की पुष्टि की जा सके। श्री अम्ब ने निर्देश दिए कि टेक होम राशन का वितरण स्टीकर युक्त उचित पैकेजिंग में किया जाना सुनिश्चित किया जाए। श्री अम्ब ने ये निर्देश पोषण अभियान अंतर्गत जिला पोषण समिति की बैठक में दिए।

जिला परियोजना अधिकारी श्री अम्ब ने निर्देश दिए कि सीएस मॉनिट के सभी संकेतकों की आगामी तीन दिवसों में प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अपार और आभा आईडी निर्माण, समग्र सत्यापन तथा सक्रिय हितग्राहियों का फेशियल रिकग्निशन सिस्टम पर पंजीयन में प्रत्येक सेक्टर को पांच प्रतिशत की वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर तक समस्त पांच वर्ष या कम उम्र के बच्चों का आधार पंजीयन पूर्ण किया जाना है जिसके लिए कम प्रगति वाले सेक्टर में विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती और धात्री महिलाओं का शत-प्रतिशत समग्र सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।

जिला परियोजना अधिकारी श्री अम्ब ने निर्देश दिए कि अप्रारंभ आंगनवाड़ी भवन के लिए आगामी 15 दिवस के भीतर बाल विकास परियोजना अधिकारी अपने क्षेत्र के तहसीलदार और एसडीएम से आवश्यक समन्वय कर बस्ती के बीच में स्थित किसी शासकीय भूमि का चयन करें और प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव भेजें। उन्होंने कहा कि 1 सितंबर से भवन निर्माण प्रारंभ हो जाना चाहिए। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने कहा कि किसी भी स्तर पर विलम्ब के कारण ऐसी स्थिति नहीं बने जिससे भवन निर्माण का बजट लेप्स हो जाए।

बैठक में श्री अम्ब ने लाडली लक्ष्मी योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना 2.0 योजना की विस्तृत समीक्षा की और निर्देश दिए कि घर-घर सर्वे कर समस्त पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कराया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि सुपरवाइजर को सम्पर्क ऐप पर उपस्थिति के आधार पर वेतन भुगतान किया जाएगा अतः वे सुबह 9.30 बजे के पूर्व आंगनवाड़ी केंद्र पहुंच कर ऐप पर उपस्थिति दर्ज करें। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर ऐप पर आंगनवाड़ी केंद्र खुलने की नियमित निगरानी की जाए और अतिरिक्त प्रभार वाले केंद्र नहीं खुलने पर तत्काल नोटिस जारी किया जाए। श्री अम्ब ने सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की और एलईडी के माध्यम से आंगनवाड़ी बच्चों को रुचिकर शाला-पूर्व गतिविधियां करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र भेजने के पहले कुपोषित सैम बच्चों की वजन और लंबाई की परियोजना अधिकारी स्वयं भी पुष्टि करें और उनके परिवारों को काउंसलिंग दें कि बच्चे को दो सप्ताह तक भर्ती किया जाएगा।

# वैश्य समाज की आवाज बुलंद करने का शंखनाद, 16 अगस्त को फतेहपुर सीकरी में जुटेगा समाज



**जसराना, जीएनएस।** कस्बे में अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की बैठक पूर्व सभासद अशोक गुप्ता के आवास पर हुई। इसमें नगर पंचायत चेयरमैन राजीव गुप्ता सहित समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे। बैठक में संगठन की मजबूती और समाज की एकजुटता को लेकर चर्चा की गई।

परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता ने बताया कि ट्रेडर्स एंड इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में 16 अगस्त को फतेहपुर सीकरी स्थित राधिका गार्डन में प्रांतीय वैश्य स्वाभिमान सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। सम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों का अभिनंदन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में वैश्य समाज की एकता, राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक योगदान को मजबूत करने पर मंथन होगा। समाज के युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने और योग्य कार्यकर्ताओं को अवसर देने की मांग भी उठाई जाएगी। आर्थिक मामलों में निर्दोष व्यापारियों को परेशान न करने तथा निष्पक्ष कार्रवाई की मांग रखी जाएगी। बैठक में छोटे और मध्यम व्यापारियों के हितों का मुद्दा भी उठाया गया। ऑनलाइन कारोबार और बड़ी कंपनियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच खुदरा व्यापार को संरक्षण देने तथा व्यापारियों के लिए पेंशन सहित विभिन्न सुविधाओं की मांग सम्मेलन में रखने की बात कही गई। बैठक में राजीव गुप्ता, अशोक गुप्ता, लखन गुप्ता, संजीव गुप्ता, चंद्र प्रकाश गुप्ता, नरेश गुप्ता, नीलेश गुप्ता, इंद्र गुप्ता, गणेश गुप्ता, प्रमोद शिखरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। परिषद ने समाज के लोगों से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

## महिला की ओर अश्लील वीडियो दिखाने एवं अभद्र व्यवहार करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**प्राण शर्मा, गुड़गांव** डीएलएफ सैक्टर-29, गुरुग्राम में एक महिला ने एक शिकायत के माध्यम से बतलाया कि यह टूरिस्ट कंपनी में वाहन चालक के रूप में कार्य करती है। जब यह कल दिनांक 12.08.2026 को अपनी गाड़ी चार्जिंग पर लगाए हुए थी। तभी साथ में एक अन्य वाहन चालक ने भी अपनी गाड़ी चार्जिंग पर लगा रखी थी।

उक्त चालक अपनी गाड़ी में बैठकर मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो चलाकर उसकी स्क्रीन इसकी ओर कर रहा था। जब यह उक्त चालक के पास गई। तो चालक ने उसके साथ गाली-गलौज की। इस शिकायत के आधार पर थाना डीएलएफ सैक्टर-29, गुरुग्राम में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया। थाना डीएलएफ सैक्टर-29, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियोग में आरोपी को दिनांक 13.08.2026 को गिरफ्तार किया। इस आरोपी की पहचान अर्जुन कमावत निवासी गांव परसा जिला मधुबनी, बिहार हाल निवासी नाथूपुर डीएलएफ फेज-3, गुरुग्राम के रूप में हुई है।

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा देशभक्ति का सैलाब, भारत माता के जयघोष से गूंजा फिरोजाबाद



**फिरोजाबाद, जीएनएस।** भाजपा महानगर की ओर से ‘हर घर तिरंगा’ अभियान के तहत बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। ‘भारत माता की जय’ और ‘वंदे मातरम’ के जयघोष से पूरा महानगर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

यात्रा का नेतृत्व भाजपा महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता रहे। विधायक मनीष असीजा और नगर निगम महापौर कामिनी राठौड़ भी यात्रा में शामिल हुईं।

तिरंगा स्वतंत्रता और बलिदान की पहचान – आलोक गुप्ता

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा कि तिरंगा सिर्फ ध्वज नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता, गौरव और बलिदान का प्रतीक है। ‘हर घर तिरंगा’ अभियान नागरिकों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और गौरव से जोड़ने का माध्यम है। फिरोजाबाद की तिरंगा यात्रा ने राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया है।

विधायक मनीष असीजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में ‘हर घर तिरंगा’ अभियान चलाया जा रहा है। तिरंगा देश के वीर शहीदों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने लोगों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

महापौर कामिनी राठौड़ ने कहा कि तिरंगा यात्रा से महानगर में देशभक्ति और एकता का वातावरण बना। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है। महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल घरों पर तिरंगा फहराना नहीं, बल्कि हर भारतीय के हृदय में राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना है।

## युवा पीढ़ी जाने आजादी की कीमत : ओम प्रकाश धनखड़



**प्राण शर्मा, गुड़गांव** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा के पूर्व कृषि मंत्री श्री ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि 1947 का विभाजन केवल देश के भूगोल का बंटवारा नहीं था ।

बल्कि यह करोड़ों भारतीयों के हृदय पर लगा ऐसा घाव था। जिसकी टीस आज भी बाकी है। कांग्रेस और मुस्लिम लीग के तत्कालीन नेतृत्व की राजनीतिक जल्दबाजी, अदूरदर्शिता और परिस्थितियों को संभालने में विफलता की कीमत लाखों निर्दोष लोगों को अपने प्राण, घर-बार और सम्मान खोकर चुकानी पड़ी।

गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को उस काले अध्याय को कभी नहीं भूलना चाहिए। हमारे बुजुर्गों ने विभाजन के दौरान असंख्य बलिदान दिए। हजारों परिवार बिछड़े, लाखों लोग अपनी पुरखों की जमीन और घर छोड़कर शरणार्थी बने तथा माताओं-बहनों ने ऐसी अमानवीय यातनाएं झेलीं जिन्हें शब्दों में व्यक्त करना भी कठिन है। इस विभाजन के कारण लाखों लोगों को अपनी जड़ों से उखड़कर नई जगहों पर जीवन दोबारा शुरू करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि आजादी के संघर्ष और विभाजन की त्रासदी में असंख्य ऐसे नायक और सामान्य भारतीय भी थे, जिनके त्याग और बलिदान को इतिहास में वह स्थान नहीं मिला। जिसके वे अधिकारी थे। दशकों तक देश की नई पीढ़ी के सामने इतिहास का अधूरा पक्ष रखा गया।

# हर घर तिरंगा अभियान में गूंजा देशभक्ति का संदेश,सुधाकर महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली भव्य तिरंगा रैली



**(संतोष कुमार सिंह )** वाराणसी--पाण्डेयपुर स्थित सुधाकर महिला इंटरमीडिएट कॉलेज एवं सुधाकर महिला कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में 13 अगस्त गुरुवार को %हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत एक भव्य राष्ट्?भति कार्यक्रम का आयोजन किया गया 7 कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक राष्ट्?गान के गौरवमयी गायन के साथ हुई जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में सरोबार हो गया 7 इसके पश्चात सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह के चेयरमैन डॉक्टर प्रभुनारायण दूबे ने राष्ट्रध्वज को नमन करते हुए रैली को हरी झंडी दिखाकर एनएसएस के स्वयंसेविकाओं की तिरंगा रैली को आगे बढ़ाया 7 रैली पांडेयपुर से पुलिस लाइन होते हुए काली मंदिर पहड़िया रोड से होते हुए महाविद्यालय में समाप्त हुई 7 चेयरमैन डॉक्टर प्रभुनारायण दूबे ने कहा कि तिरंगा हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है और हर घर पर इसे फहराना हर नागरिक का गौरव है 7 कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि युवाओं को देश के विकास में योगदान देने का संकल्प दिलाया 7 कार्यक्रम को सफल आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई डॉ.प्रीति सिंह,द्वितीय इकाई सुश्री दिव्या पाण्डेय,तृतीय इकाई डॉ0 अपराजिता सिंह ने अपनी मुख्य भूमिका का निर्वहन करते हुए अपने-अपने स्वयंसेविकाओं के साथ रैली के दौरान भारत माता की जय% और वंदे मातरम% के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा।


# प्रभारी निरीक्षक ने कलयुगी बलात्कारी पिता को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**जालौन, जीएनएस।** गुरुवार को सुबह प्रभारी निरीक्षक ने 24 घंटे में बलात्कारी आरोपी को हाईवे सड़क से गिरफ्तार कर मुकदमा से संबंधित धाराओं में पुलिस हिरासत में जेल भेजा।

खबर के अनुसार प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह सिपाही रंजीत आदि पुलिस बल के साथ बलात्कारी आरोपी को गिरफ्तार करने में जुटे हुए थे वहीं मुखबिर की सूचना पाकर हरकुपुर बस स्टॉप हाईवे सड़क के पास पहुंचकर ग्राम उसरगांव निवासी बलात्कारी अभियुक्त शिवकरन पुत्र छोटे चारों तरफ से घेर कर गिरफ्तार कर कोतवाली के हवालात में बंद किया एवं अभियुक्त को पुलिस हिरासत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरी परीक्षण करा कर जेल भेजा।

हिन्दी दैनिक
श्रमसाधना
आपकी दुःख की घड़ी में
श्रमसाधना सदैव आपके साथ है
उठावनी/रस्म पगड़ी
का प्रकाशन
निःशुल्क
सम्पर्क करें
ग्वालियर
0751-2625029
9074257600
शिवपुरी
07492-232149
8251071286
E-mail : shramsadhnagwl@gmail.com


जिनके अमर बलिदान से मिली स्वतंत्रता
उन वीरों को शत-शत नमन
नया मध्यप्रदेश
समानता का विश्वास, समावेशी विकास
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
स्वतंत्रता हमें केवल अधिकार नहीं देती, बल्कि यह कर्तव्य का स्मरण भी कराती है। आइए, हम सब मिलकर प्रदेश के समग्र विकास और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लें।
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
प्रदेशवासियों को
80वें स्वाधीनता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
जुड़ें नए मध्यप्रदेश से
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11080/26

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम दांगोड़े, जिला आबकारी अधिकारी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
अरविन्द भार्गव
जिला अधिकारी
हार्दिक शुभकामनाएं
आजीविका मिशन शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
मुनेश शाक्य
उपसंचालक
हार्दिक शुभकामनाएं
कृषि विभाग शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अपील :- बेटे-बेटी में ना भेदभाव करो, दोनो को पढ़ा लिखाकर इनके सपने पूरे करो। मां और बच्चों की देखभाल करें, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वह कार्य करें
डी.एस. जादोन जिला अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वंदे मातरम

लक्ष्मण मीणा
रेंजर करैरा


स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
वंदे मातरम
रवि पटेरिया
वन क्षेत्र अधिकारी
बदरवास

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
वृक्ष लगाओ और अपने धरती को बचाओ, पेड़ों को मत करो नष्ट, पेड़ों की जब करोगे रक्षा तभी बनेगा जीवन अच्छा। वन रहेंगे तो हम रहेंगे।

सचिन कुमार शर्मा रेंजर
सौजन्य से :- वन परिक्षेत्र शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभम अग्रवाल
कार्यपालन यंत्री
अपील :- जल है अनमोल, इसका नहीं है कोई मोल, इसे बर्बाद ना करें।
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर समस्त जिलेवासियों को
दुष्यंत दीक्षित
जिला पंजीयक
हार्दिक शुभकामनाएं
निशा शर्मा
उप पंजीयक
आशुतोष दिनकर
उप पंजीयक
उप पंजीयक कार्यालय शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

रंजना सिंह कुशवाहा
जिला परिवहन अधिकारी
जिला परिवहन विभाग शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अनिरुद्ध खानवलकर
प्रभारी अधिकारी जिला नियत्रण कक्ष
ध्वनि भदौरिया
उप निरीक्षक आबकारी वृत भांडेर

रामकुमार सूत्रकार
जिला आबकारी अधिकारी
दतिया
जिला आबकारी विभाग, दतिया

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों को एवं छात्र-छात्राओं को
हार्दिक शुभकामनाएं

स्वप्निल वानखड़े
कलेक्टर दतिया

राघवेन्द्र सिंह सेंगर
प्राचार्य
शा. उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 01, जिला दतिया म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
आकाश यादव
जिला शिक्षा अधिकारी
हार्दिक शुभकामनाएं
शिक्षा विभाग शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
दफेदार सिंह सिकरवार
डीपीसी
हार्दिक शुभकामनाएं
जनशिक्षा केन्द्र शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों एवं छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को
हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. निलय गोस्वामी
प्राचार्य शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय इन्दरगढ़, दतिया म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों को एवं खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं

घनश्याम सिंह
विधायक दतिया
संतोष लिटोरिया
सचिव दतिया जिला क्रिकेट एसोसिएशन
अपील-क्रिकेट खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए खिलाड़ी हमारे प्रशिक्षण शिविरों से जुड़ें।

निवेदक : दतिया जिला क्रिकेट एसोसिएशन, दतिया

स्वतंत्रता दिवस की जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
रामसिंह उइके, खनिज अधिकारी
ऋषभ दीक्षित, खनिज निरीक्षक
खनिज विभाग शिवपुरी

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों एवं छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को
हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. संगीता भटनागर
प्राचार्य, शा. कन्या महाविद्यालय दतिया

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों एवं छात्र-छात्राओं को
हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश मोर
डायरेक्टर - रास-जेबी ग्रुप दतिया

स्वतंत्रता दिवस की समस्त नगर वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

दिनेश सिंह राजपूत
थाना प्रभारी कोतवाली, दतिया

स्वतंत्रता दिवस की समस्त ग्राम वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच
हिमांशु गुर्जर
सचिव
लक्ष्मण विश्वकर्मा
रोजगार सहायक
बुद्धशरण अहिरवार
अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं, गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
निवेदक- ग्राम पंचायत इकारा, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की समस्त ग्राम वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती प्रीतम वंशकार
सरपंच

सोवरन सिंह सेन
सचिव

रामनारायण पाल
रोजगार सहायक
अपील : पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं, गांव को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
निवेदक- ग्राम पंचायत पलोथर, जनपद पंचायत दतिया जिला दतिया म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिला वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

घनश्याम सिंह
विधायक दतिया
मकबूल खान
पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस
दतिया शहर


### कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

# कलेक्ट्रेट परिसर में शान से लहराया तिरंगा, कलेक्टर रुचिका चौहान ने किया ध्वजारोहण

**ग्वालियर जीएनएस**

गौरवशाली भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ओहदपुर की सुरम्य पहाड़ी पर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में पूरे सम्मान और गरिमा के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने ध्वजारोहण कर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।




ध्वजारोहण के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि भारत की विविधता उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। सभी को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधताओं का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बच्चों में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध की भावना विकसित करना समय की आवश्यकता है। देशभक्ति केवल स्वतंत्रता दिवस तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि वर्ष के सभी 365 दिनों में हमारे आचरण और व्यवहार में दिखाई देनी चाहिए।

समारोह में अपर कलेक्टर श्री सी.वी. प्रसाद, अपर कलेक्टर श्री अनिल बनवारिया सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गुलमोहर सिटी योग साधना केंद्र पर हुआ आयोजन, साधकों ने स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया

# भारतीय योग संस्थान ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**ग्वालियर जीएनएस**

भारतीय योग संस्थान मध्यप्रदेश प्रांत के ग्वालियर जिला दक्षिण की ओर से 80वां स्वतंत्रता दिवस वैष्णवी नगर क्षेत्र स्थित गुलमोहर सिटी योग साधना केंद्र पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रांतीय प्रधान लक्ष्मण सिंह परिहार ने की। जिला दक्षिण के जिला मंत्री राजेश वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत हल्की बारिश के बीच योग साधना के विशेष अभ्यास से हुई। इसके बाद गुलमोहर सिटी की महिला टीम ने वंदे मातरम् का वाचन किया। प्रांतीय प्रधान लक्ष्मण सिंह परिहार ने ध्वजारोहण किया और सभी ने राष्ट्रगान गाया।

अपने संबोधन में परिहार ने भारतीय योग संस्थान के संस्थापक स्व. प्रकाश लाल के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी साधकों को स्वस्थ जीवन के लिए शाम 7 बजे तक रात्रि भोजन करने का संकल्प दिलाया गया।


### कल निकलेगी साहसिक कांवड़ यात्रा


**ग्वालियर जीएनएस।** 16 अगस्त रविवार को भदावना धाम से साहसिक कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए बंधोली स्थित आशुतोष महादेव मंदिर पहुंचेगी। यहां मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर धर्मावलंबियों द्वारा कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार यात्रा में युवा वर्ग की प्रमुख भागीदारी रहेगी।










स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक रामकिशन तायल 'फौजी' ने श्रमसाधना प्रिन्टर्स, भगवती निवास पारखजी का बाड़ा दौलतगंज, ग्वालियर से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : महेश तायल समाचार चयन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत अधिकृत
e.mail- Shramsadhnagwl@gmail.com ph. 0751-2625029, 98270 17078, 9425007142 समाचार पत्र में प्रकाशित सभी आलेखों में लेखकों के अपने विचार हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा।